# Class 6 – Hindi

# Quiz Abhyaas (31 July 2021 – 6 August 2021)

**Student Name: ____________________; School Code: ____________________; Class: ____________**

प्र 1. सुमन, पुष्प - इन दोनों शब्दों का एक ही अर्थ है। वह अर्थ इनमें से क्या है?

1. कागज़ 2. पत्थर 3. नदी 4. फूल

प्र 2. आज अध्यापक कक्षा में नहीं ______।

1. आना है 2. आएँगे 3. आएँगी 4. आते हैं

प्र 3. राम आज स्कूल नहीं जा सका, क्योंकि ________ पिताजी बीमार थे।

1. तुम्हारे 2. उनके 3. उसके 4. उसकी

प्र 4. सही विराम चिन्ह का प्रयोग कीजिए:

सब जानते हैं कि गाँधीजी का जन्म कब और कहाँ हुआ था_

1. ? 2. ! 3. । 4. ,

**वायुयान**

विश्व का पहला वायुयान ऑरविल और विल्बर राइट नामक दो भाइयों ने 1901 में बनाया था। जिस समय उन्हें हवाई जहाज़ बनाने का ख्याल आया, उस समय विल्बर सिर्फ 11 साल का था और ऑरविल की उम्र थी 7 साल। हुआ यूं कि एक दिन उनके पिता उन दोनों के लिए एक उड़ने वाला खिलौना लाए। यह खिलौना बाँस, कार्क, कागज़ और रबर के छल्लों का बना था। इस खिलौने को उड़ता देख विल्बर और ऑरविल के मन में भी आकाश में उड़ने का विचार आया। उन्होंने निश्चय किया कि वे भी एक ऐसा खिलौना बनाएंगे। राइट बंधुओं ने वायुयान का नाम फ्लायर रखा। यह विमान अपनी पहली उड़ान में केवल बारह सेकेंड तक हवा में रहा था। इसकी पहली सफल उड़ान 17 दिसंबर 1903 को हुई।



प्र 5. राइट बंधुओं ने अपने वायुयान का क्या नाम रखा?

1. ग्लाइडर 2. पंछी 3. फ्लायर 4. रॉकेट

प्र 6. पहले वायुयान को बनने के बाद उड़ने में कितना समय लगा?

1. 1 साल 2. 2 साल 3. 5 साल 4. 10 साल

प्र 7. अनुच्छेद के आधार पर, निम्नलिखित में से कौन सा सत्य है?

1. 1901 से पहले कोई खिलौने नहीं थे। 2. राइट भाई एक-दूसरे को पसंद नहीं करते थे।
3. राइट बंधु जर्मनी में रहते थे। 4. 1903 से पहले हवाई जहाज नहीं थे।

प्र 8. दिये गए शब्दों में से शुद्ध वर्तनी वाले शब्द की पहचान कीजिए।

1. पूर्वकालिक 2. आशिर्वाद 3. मधूर 4. रौशनी

प्र 9. 'इंसानियत' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

1. इंसान 2. नियत 3. यत 4. इयत

प्र 10. हिमालय ________ का राजा है।

1. जंगल 2. पर्वतों 3. दिल्ली 4. सड़क

साहित्य मुर्दों को जीवित बनाने वाली संजीवनी औषधि की खान है। जिस प्रकार संजीवनी औषधि मुर्दों को जीवित बना देती है, उसी प्रकार यह साहित्य अपनी प्रेरणा एवं संजीवनी शक्ति द्वारा मृत जातियों एवं राष्ट्रों में जीवन का संचार कर देता है। साहित्य में इतनी शक्ति है कि पतनोन्मुख जातियों एवं राष्ट्रों को उठा देता है और उठे हुए लोगों के मस्तक को गौरव से ऊँचा कर देता है। जो राष्ट्र या जाति ऐसे साहित्य के विकास के लिए प्रयत्न नहीं करती है, वह अज्ञानरूपी अंधकार के गड्ढे में गिरकर अपनी सत्ता समाप्त कर देती है। इसीलिए साहित्य-सर्जन की क्षमता रखते हुए भी जो मनुष्य इतने महत्वपूर्ण साहित्य की सेवा नहीं करता, जो मनुष्य इतने महत्वपूर्ण साहित्य के विकास में योगदान नहीं करता, इतने महत्वपूर्ण साहित्य से प्रेम नहीं रखता, वह अप्रत्यक्ष रूप से अपने देश, जाति, अपने समाज से ही द्रोह नहीं करता, बल्कि अपने से भी द्रोह करता है। वह व्यक्ति केवल आत्मद्रोही ही नहीं बल्कि अपने सर्वनाश का कर्ता भी कहा जा सकता है। इसीलिए आत्मघातक बनने से बचने के लिए हमें अपनी शक्ति के अनुरूप सद्साहित्य की वृद्धि करनी चाहिए।

प्र 11. साहित्य को संजीवनी औषधि क्यों माना जाता है?

1. क्योंकि साहित्य सभी के लिए बहुत ही आवश्यक है।
2. क्योंकि साहित्य मृत व्यक्तियों को जीवित कर देता है।
3. क्योंकि साहित्य सम्मान के साथ जीने की प्रेरणा देता है।

4. क्योंकि साहित्य से विकास होता है।

प्र 12. साहित्य का प्रमुख कार्य क्या है?

1. जीवन में अज्ञान के अंधकार को दूर करना
2. जीवन को मनोरंजक पूर्ण बनाना
3. जाति का विकास करना
4. देश का विकास करना

प्र 13. 'पतनोन्मुख' का अर्थ क्या है?

1. विकास में योगदान न देना
2. साहित्य के विकास में बाधा
3. अवनति की ओर अग्रसर
4. उन्नति की ओर अग्रसर

प्र 14. आत्मद्रोही कौन है?

1. जिसके पास साहित्य-सर्जन की क्षमता नहीं है।
2. जो साहित्य के विकास में बाधा डालता है।
3. जो साहित्य के विकास में योगदान देता है।
4. जो साहित्य-सर्जन की क्षमता होते हुए भी साहित्य के विकास में योगदान नहीं करता।

केंद्रीय विद्यालय जलवायु विहार दिल्ली की सांस्कृतिक इकाई के सचिव ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रमों के लिए एक सूचना जारी की। सूचना को दिये गए चित्र में दर्शाया गया है। दी गयी सूचना को पढ़िये और प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

**केंद्रीय विद्यालय, जलवायु विहार, दिल्ली**

**सूचना**

**कवि सम्मेलन का आयोजन**

08 अगस्त, 20XX

आपको यह जानकर अतीव हर्ष होगा कि लोगों में देशभक्ति भावना भरने के लिए विद्यालय परिसर में देशभक्ति पूर्ण कविता-पाठ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शहर के प्रसिद्ध कवियों को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम इस प्रकार है—

दिनांक — 14 अगस्त
समय — सायं 7 बजे
स्थान — विद्यालय परिसर
कार्यक्रम में प्रवेश पास द्वारा ही दिया जाएगा। पास के लिए अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें।

प्रत्यूष
(सचिव)
सांस्कृतिक इकाई

प्र 15. सूचना किस लिए जारी की गयी है?

1. कवि सम्मेलन के लिए
2. स्वतंत्रता दिवस के लिए
3. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए
4. खेल-कूद प्रतियोगिता के लिए

प्र 16. कविता-पाठ का आयोजन कहाँ होगा?

1. गुवाहाटी 2. जयपुर 3. दिल्ली 4. हैदराबाद

प्र 17. "शहर पहुँचने के बाद दोनों मित्र स्टेशन के बाहर सिर उठाकर पूरी निडरता के साथ आए क्योंकि जेब में टिकट जो रखा था। बाद में इस घटना का पता चलने पर अमित के पिता शर्म से पानी-पानी हो गए।" यहाँ पर 'शर्म से पानी-पानी होना' का क्या अर्थ है?

1. वश में करना 2. अपमानित करना 3. इज्जत कम होना 4. शर्मिंदा होना

प्र 18. "सुमित रोज़ सुबह व्यायाम करता है।" इस वाक्य में सुमित की जगह अगर ऊषा लिखा हो तो सही वाक्य चुनें।

1. ऊषा रोज़ सुबह व्यायाम करता है।
2. ऊषा रोज़ सुबह व्यायाम करती है।
3. ऊषा रोज़ सुबह व्यायाम करते हैं।
4. ऊषा रोज़ सुबह व्यायाम करती थी।